

02

खेलो इंडिया गेम्स 2021 योगासन को पहली बार शामिल किया

# आज समाज

www.aajsamaaj.com



04

खेड़ी कलां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सौर ऊर्जा संयंत्र का शुभारंभ

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, गुरुवार, 09 जून 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

शक संवत 1443, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी, मूल्य, 2.00 रुपए


## शूटर ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जीता कांस्य पदक




खेलो इंडिया में जीते हुए कांस्य पदक को दिखाते हुए ।

**आज समाज नेटवर्क**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा व शूटर शिखा नरवाल ने डॉ. करण सिंह शूटिंग रेंज(नई दिल्ली) में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया द्य गौरतलब है कि यह प्रतियोगिता 5 जून 2022 से 9 जून 2022 तक चलेगी और इसमें देश के सभी राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग ले रहे हैं द्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी ने विजेता खिलाड़ी शिखा नरवाल को बधाई दी व कहा कि इतनी बड़ी उपलब्धि एक दिन में प्राप्त नहीं होती, रात दिन खून पसीना बहा कर धैर्य और एकाग्रता का परिचय देकर ऐसे मुकाम हासिल किए जाते हैं द्य प्राचार्य जी ने शिखा नरवाल को भविष्य में और मेहनत कर और भी ऊंचे शिखर पर पहुंचने के लिए भी प्रेरित किया द्य प्राचार्य जी हमेशा ही खिलाड़ियों को सहयोग करते हैं ताकि वे महाविद्यालय, क्षेत्र, राज्य और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकें।